WWW.JAGRANJOSH.COM

# उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा 2010: भारतीय इतिहास का प्रश्नपत्र

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में

बॉक्स के अन्दर लिखें → शब्दों में

प्रश्न-पुस्तिका श्रृंखला

**D**

**परीक्षा का वर्ष : 2010**

**प्रश्न-पुस्तिका**

**भारतीय इतिहास**
**समय : 02 घंटे**
**पूर्णांक : 150**

**INDIAN HISTORY**
**Time : 02 Hours**
**Maximum Marks : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

**महत्त्वपूर्ण निर्देश**

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज की कोडिंग सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थियों की होगी ।**
5. **अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर एवं अंगूठे (पुरुष बायें एवं महिलायें दाहिने हाथ) का निशान लगाना है । अभ्यर्थी सावधान रहें कि स्टैम्प इंक से उत्तर पत्रक खराब न हो अन्यथा किसी नुकसान के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा ।**
6. यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं, तो ऐसा प्रश्न-पुस्तिका पर अथवा उत्तर-पत्रक पर न करें । रफ कार्य के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका के साथ अलग से वर्किंग शीट दी जायेगी । यदि आपको अतिरिक्त वर्किंग शीट की आवश्यकता हो तो अन्तरीक्षक (इन्विजिलेटर) से माँग लें । वर्किंग शीट पर वांछित सूचना **तुरंत भर** लें ।
7. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 120 आइटम्स (प्रश्न) हैं ।** प्रत्येक आइटम के चार वैकल्पिक उत्तर आइटम के नीचे दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (आन्सर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला कर दें ।**
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए गलत उत्तर के लिए या उम्मीदवार द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए दिए जाने वाले अंकों का **एक चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं ।** उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य न होगा ।
10. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । जो सूचनायें उसमें वांछित हों उन्हें **तुरंत भर** लें।
11. जब टेस्ट पूरा कर लें तो अन्तरीक्षक को उत्तर-पत्रक वापस लौटा दें ।
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़कर इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और उत्तर-पत्रक तथा वर्किंग शीट पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक इन्तजार करें जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता है।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

# भारतीय इतिहास

1. 800-1200 ई. तक भारतीय समाज की प्रमुख विशेषता थी
   (a) सामंतवाद
   (b) उदारवाद
   (c) समतावाद
   (d) गणतंत्र

2. निम्न में से कौन सी पुस्तक अमीर खुसरो ने <u>नहीं</u> लिखी है ?
   (a) किरन-उस सादैन
   (b) मिफताह-उल-फुतूह
   (c) तुगलक नामा
   (d) तारिख़-ए-यामिनी

3. यात्री इब्ने बतूता कहाँ से आया था ?
   (a) फारस
   (b) मोरक्को
   (c) तुर्की
   (d) चीन

4. शहना-ए-मण्डी निगरानी करता था
   (a) बाजार की
   (b) सेना की
   (c) घरेलू सामान की
   (d) जन स्वास्थ्य की

5. सल्तनत काल में सेना अध्यक्ष कहलाता था
   (a) मुन्सिफ़े मुन्सिफ़ान
   (b) आरिज़े ममालिक
   (c) शिकदारे शिकदारान
   (d) वज़ीर

6. 'तूतीए हिन्द' किसे कहा जाता था ?
   (a) मीराबाई
   (b) दारा शिकोह
   (c) अमीर खुसरो
   (d) शाहजहाँ

7. निम्नलिखित में से किस शासक ने विक्रम संवत् का प्रारम्भ किया ?
   (a) चन्द्रगुप्त I
   (b) समुद्रगुप्त
   (c) चन्द्रगुप्त II
   (d) कुमारगुप्त

8. निम्नलिखित कथनों का संबंध चोल वंश के किस शासक से है ?
   1. उसने अपने पिता के साथ संयुक्त रूप से दो वर्ष तक शासन किया ।
   2. उसने श्री विजय के राजा के विरुद्ध एक नौसैनिक अभियान आयोजित किया ।
   3. उसने गंगाई कोडाचोलपुरम में एक नई राजधानी बनाई ।
   (a) राजेन्द्र I
   (b) परातक I
   (c) कुलोतुंग I
   (d) राजेन्द्र III

9. त्रिकोणात्मक संघर्ष किनके मध्य हुआ ?
   (a) प्रतिहार – पाल – पल्लव
   (b) पाल – चालुक्य – राष्ट्रकूट
   (c) पाल – प्रतिहार – राष्ट्रकूट
   (d) पल्लव – चालुक्य – राष्ट्रकूट

10. 'किताब-उल-हिन्द' की रचना किसने की थी ?
    (a) मिनहाज-उस सिराज
    (b) हसन निज़ामी
    (c) अल्बेरूनी
    (d) अमीर खुसरो

**11.** निम्न में से किसने बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित किया ?
(a) बहलोल लोदी
(b) इब्राहीम लोदी
(c) सिकंदर लोदी
(d) दौलत ख़ाँ लोदी

**12.** दिल्ली के किस सुल्तान ने सर्वप्रथम मुस्लिम महिलाओं को दिल्ली के बाहर स्थित मजार पर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था ?
(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खलजी
(c) फिरोज़ तुगलक
(d) मुहम्मद बिन तुगलक

**13.** विजयनगर साम्राज्य का प्रथम राजवंश था
(a) होयसल
(b) संगम
(c) सालुव
(d) तुलुव

**14.** विजयनगर साम्राज्य में सबसे बड़ी प्रशासनिक इकाई थी
(a) मंडलम
(b) कोट्टम
(c) नाडु
(d) वालानाडु

**15.** बाबा फ़रीद किस सूफ़ी सिलसिला के अनुयायी थे ?
(a) सुहरावर्दी सिलसिला
(b) क़ादरी सिलसिला
(c) चिश्ती सिलसिला
(d) नक्शबंदी सिलसिला

**16.** निम्नलिखित में से किसका जन्म उत्तर भारत में <u>नहीं</u> हुआ था ?
(a) तुलसीदास
(b) रैदास
(c) गुरुनानक
(d) शंकराचार्य

**17.** अकबर ने बुलन्द दरवाजा का निर्माण किस विजय के उपलक्ष्य में किया था ?
(a) गोंडवाना
(b) असीरगढ़
(c) उड़ीसा
(d) काशमीर

**18.** शर्की काल की अटाला मस्जिद स्थित है
(a) बुलन्द शहर में
(b) जौनपुर में
(c) मुरादाबाद में
(d) आगरा में

**19.** अढ़ाई दिन का झोंपड़ा किसके काल में बना ?
(a) अकबर
(b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर
(d) कुतुबुद्दीन ऐबक

**20.** निम्नलिखित में से कौन सल्तनत काल के दो मूल सिक्के थे ?
1. दाम
2. जीतल
3. रुप्या
4. टंका
(a) 2 एवं 4
(b) 1 एवं 4
(c) 1 एवं 3
(d) 3 एवं 4

**21.** वहदत-उल वजूद के सिद्धांत के प्रतिपादक थे
(a) इब्न-ए-अरबी
(b) अल गज़ाली
(c) शेख़ फरीद
(d) बुल्ले शाह

**22.** नूरजहाँ का वास्तविक नाम था
(a) मेहरून्निसा
(b) चाँद बीबी
(c) जहाँआरा बेगम
(d) अरजुमंद बानू बेगम

**23.** अकबर का जन्मस्थान था
(a) अमरकोट
(b) राजकोट
(c) काबुल
(d) क़न्धार

**24.** अकबर का साम्राज्य कितने सूबों में विभाजित था ?
(a) 8
(b) 13
(c) 15
(d) 25

**25.** अकबर ने महज़र जारी किया
(a) 1556 में
(b) 1564 में
(c) 1579 में
(d) 1582 में

**26.** मराठा राजस्व प्रशासन में भूमि की नाप की इकाई क्या थी ?
(a) जरीब
(b) काठी
(c) बीघा
(d) नाली

**27.** जयसिंह व शिवाजी के मध्य पुरन्दर की संधि किस वर्ष में सम्पन्न हुई ?
(a) 1665 ई.
(b) 1666 ई.
(c) 1667 ई.
(d) 1668 ई.

**28.** 'मराठा महासंघ' की स्थापना किसने की ?
(a) शिवाजी
(b) बालाजी विश्वनाथ
(c) बाजी राव
(d) बालाजी बाजी राव

**29.** रज़्मनामा किसका फारसी में अनुवाद है ?
(a) महाभारत का
(b) रामायण का
(c) कथासरितासागर का
(d) पंचतंत्र का

**30.** दम नामक ताँबे का सिक्का किसने जारी किया ?
(a) शाहजहाँ
(b) जहाँगीर
(c) शेरशाह सूरी
(d) अकबर

**31.** हैदराबाद राज्य की संस्थापना किसने की ?
(a) ज़ुल्फिकार खान
(b) चिन किलिच खान
(c) नासिर जंग
(d) मुजफ्फर जंग

**32.** 'शेखज़ादा' शब्द का प्रयोग मुगलकाल में किसके लिए होता था ?
(a) विद्रोही
(b) उच्च वंशीय भारतीय मुसलमान
(c) गुप्तचर
(d) प्रांतपति

**33.** महाराजा रणजीत सिंह का उत्तराधिकारी कौन था ?

(a) हरी सिंह
(b) खड़क सिंह
(c) शेर सिंह
(d) नौनिहाल सिंह

**34.** 'इन्टर लोपर' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(a) व्यापारिक संघ का सदस्य
(b) बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल का सदस्य
(c) ईस्ट इंडिया कम्पनी का अधिकारी
(d) अनधिकृत व्यापारी

**35.** ग्रैंड ट्रंक रोड को आधुनिक आकार देने का कार्य किया था

(a) लॉर्ड हेस्टिंग्ज़ ने
(b) विलियम बैंटिंक ने
(c) लॉर्ड डलहौजी ने
(d) लॉर्ड क्लाइव ने

**36.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के चीन के व्यापार पर एकाधिकार को समाप्त कर दिया ?

(a) 1833 ई. का चार्टर एक्ट
(b) 1793 ई. का चार्टर एक्ट
(c) 1813 ई. का चार्टर एक्ट
(d) 1853 ई. का चार्टर एक्ट

**37.** बंगाल में स्थायी बन्दोबस्त किस वर्ष लागू हुआ ?

(a) 1773 ई.
(b) 1780 ई.
(c) 1793 ई.
(d) 1798 ई.

**38.** 'Poverty and Un-British Rule in India' पुस्तक के लेखक थे

(a) लोकमान्य तिलक
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) महात्मा गांधी

**39.** वह कौन सी प्रथम यूरोपीय शक्ति थी जो भारत आयी ?

(a) डच
(b) फ्रांसिसी
(c) ब्रिटिश
(d) पुर्तगाली

**40.** पानीपत के तीसरे युद्ध के समय मुगल शासक कौन था ?

(a) शाह आलम तृतीय
(b) आलमगीर द्वितीय
(c) शाह आलम द्वितीय
(d) अहमद शाह

**41.** 'सुरक्षा घेरे' की नीति का सम्बन्ध है

(a) अफगानिस्तान के प्रति ब्रिटिश नीति
(b) भारतीय राज्यों के प्रति ब्रिटिश नीति
(c) भारतीय सेना के प्रति ब्रिटिश नीति
(d) बर्मा के प्रति ब्रिटिश नीति

**42.** किस अधिनियम के द्वारा भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी का शासन समाप्त हुआ ?

(a) रेगूलेटिंग एक्ट 1773 ई.
(b) पिट का इंडिया एक्ट 1784 ई.
(c) गवर्नमेन्ट ऑफ इंडिया एक्ट 1858 ई.
(d) मोर्ले-मिन्टो सुधार 1909 ई.

**43.** निम्नलिखित में से कौन 1857 ई. के "प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम" से <u>नहीं</u> जुड़ा था ?
(a) बहादुर शाह II
(b) नाना साहेब
(c) बेगम हजरत महल
(d) मानसिंह

**44.** न्यूयार्क में थियोसाफिकल सोसाइटी की स्थापना 1875 ई. में किसने की ?
(a) मदाम एच.पी. ब्लावत्स्की
(b) कर्नल एच.एस. आल्कॉट
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त कोई भी नहीं

**45.** "वेदों की ओर लौटो" किसने कहा था ?
(a) दयानन्द
(b) विवेकानन्द
(c) सुभाषचन्द्र बोस
(d) राजा राममोहन राय

**46.** 'गुलामगीरी' नामक कृति के लेखक कौन थे ?
(a) के.सी. सेन
(b) प्रेमचंद
(c) आर.जी. भण्डारकर
(d) ज्योतिबा फूले

**47.** निम्नलिखित में से किस आन्दोलन से दूधू मियां का संबंध था ?
(a) फरायजी आन्दोलन
(b) वहाबी आन्दोलन
(c) अलीगढ़ आन्दोलन
(d) ख़िलाफत आन्दोलन

**48.** ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी की स्थापना की
(a) गोपाल कृष्ण गोखले ने
(b) लाला लाजपत राय ने
(c) दादाभाई नौरोजी ने
(d) बाल गंगाधर तिलक ने

**49.** 'सत्यार्थ प्रकाश' का लेखन किया
(a) राजा राममोहन राय ने
(b) दयानन्द ने
(c) विवेकानन्द ने
(d) रामकृष्ण परमहंस ने

**50.** 1880 ई. में भारत सरकार द्वारा अकाल आयोग किसके अधीन गठित किया गया ?
(a) एच.टी. प्रिन्सेप
(b) एच.एच. विल्सन
(c) सर जॉन मेकफेरसन
(d) सर जॉन स्ट्रैची

**51.** रैयतवाड़ी व्यवस्था को मद्रास में किसने लागू किया ?
(a) सर चार्ल्स ग्राण्ट
(b) सर थॉमस मुनरो
(c) लॉर्ड कार्नवालिस
(d) सर जॉन शोर

**52.** 1857 की क्रांति को किसने "सैनिक विद्रोह" कहा ?
(a) सर जॉन लारेन्स
(b) आर.सी. मजूमदार
(c) ईश्वरी प्रसाद
(d) वी.ए. स्मिथ

**53.** 'ब्लेक होल' घटना का संबंध है
(a) अलीवर्दी खाँ से
(b) सिराजुद्दौला से
(c) मीर कासिम से
(d) मीर जाफ़र से

**54.** कांग्रेस के किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' की माँग की गई ?

(a) लखनऊ अधिवेशन (b) कलकत्ता अधिवेशन
(c) कानपुर अधिवेशन (d) लाहौर अधिवेशन

**55.** 1942 ई. का भारत छोड़ो आन्दोलन किस महीने में प्रारम्भ हुआ ?

(a) जनवरी (b) जुलाई
(c) अगस्त (d) दिसम्बर

**56.** अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना की

(a) स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने (b) पी.सी. जोशी ने
(c) जयप्रकाश नारायण ने (d) दयानन्द ने

**57.** वेल्लोर विद्रोह किस वर्ष हुआ ?

(a) 1764 ई. (b) 1806 ई.
(c) 1857 ई. (d) 1935 ई.

**58.** निम्नलिखित में से किसने होम रूल लीग स्थापित की ?

(a) गोपालकृष्ण गोखले (b) सी.एफ. एन्ड्रूज़
(c) एनी बेसेन्ट (d) महात्मा गांधी

**59.** निम्नलिखित घटनाओं का सही कालक्रम क्या है ?

1. केबिनेट मिशन योजना 2. बंबई योजना
3. वैवेल योजना 4. माउंटबेटन योजना

नीचे दिए गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) 3, 1, 4 एवं 2 (b) 2, 3, 1 एवं 4
(c) 3, 2, 1 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

**60.** मोहम्मडन एंग्लो ओरियन्टल कॉलेज की स्थापना अलीगढ़ में हुई सन्

(a) 1875 ई. (b) 1874 ई.
(c) 1873 ई. (d) 1872 ई.

**61.** भारत में पश्चिमी शिक्षा पद्धति का 'मैगना कार्टा' किसे कहा जाता है ?

(a) हण्टर कमीशन रिपोर्ट 1862 ई. (b) वुड्स डिस्पैच 1854 ई.
(c) मेकाले मिनिट्स (d) इण्डियन यूनिवर्सिटीज एक्ट 1904 ई.

**62.** निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने ईस्ट इंडिया कम्पनी को बंगाल में शुल्क मुक्त व्यापार की सुविधा प्रदान की थी ?

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) फर्रूखसियर

**63.** प्रथम 'ऑल इण्डिया सोशलिस्ट्स कॉनफरेन्स' का अध्यक्ष कौन था ?

(a) जयप्रकाश नारायण (b) अच्युत पटवर्धन
(c) एम.आर. मसानी (d) आचार्य नरेन्द्र देव

64. निम्नलिखित में से किस नेता ने असहयोग आन्दोलन में भाग नहीं लिया ?
(a) सी.आर. दास
(b) मौलाना शौकत अली
(c) सुभाषचन्द्र बोस
(d) मोहम्मद अली जिन्ना

65. निम्नलिखित में से किसने गांधी के नमक सत्याग्रह को 'बिना शस्त्र का एक विद्रोह' कहा है ?
(a) लुई फिशर
(b) वेब् मिलर
(c) रेगीनाल्ड रेनाल्डस
(d) रिचर्ड ग्रेग

66. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है ?
(a) महात्मा गांधी : इन्डिपेन्डेन्ट
(b) मोतीलाल नेहरू : इण्डियन ओपिनियन
(c) एनी बेसेंट : नवजीवन
(d) ए.के. आज़ाद : अल-हिलाल

67. भारत के किस हिस्से में गदर पार्टी 21 फरवरी, 1915 ई. को सशस्त्र विद्रोह की योजना बनाई ?
(a) पंजाब
(b) बंगाल
(c) बिहार
(d) बम्बई

68. निम्नलिखित स्वतंत्रता सेनानियों में से कौन वकील नहीं थे ?
(a) महात्मा गांधी
(b) सुभाषचन्द्र बोस
(c) मुहम्मद अली जिन्ना
(d) सरदार वल्लभ् भाई पटेल

69. संगम काल का प्रसिद्ध तमिल व्याकरण ग्रंथ था
(a) पत्तुपात्तु
(b) तोलकप्पियम्
(c) सिलप्पदिकारम
(d) मणिमेकलै

70. वैदिक युग में निम्नलिखित में से कौन एक जनजातीय संघटन नहीं था ?
(a) विदाथा
(b) समिति
(c) सभा
(d) गोप

71. नौजवान सभा का गठन किस वर्ष किया गया था ?
(a) 1926 ई.
(b) 1927 ई.
(c) 1925 ई.
(d) 1928 ई.

72. महात्मा गांधी ने किस गोलमेज़ सम्मेलन में भाग लिया था ?
(a) प्रथम
(b) द्वितीय
(c) तृतीय
(d) उपरोक्त में से किसी में नहीं

73. भारतीय सिविल सेवा का प्रारम्भ किसने किया था ?
(a) लॉर्ड कैनिंग
(b) लॉर्ड कर्ज़न
(c) लॉर्ड डलहौज़ी
(d) लॉर्ड कार्नवालिस

74. द्विराष्ट्र सिद्धान्त का प्रतिपादन प्रथम बार मुस्लिम लीग द्वारा मार्च 1940 में किस अधिवेशन में किया गया ?
(a) कलकत्ता अधिवेशन
(b) लखनऊ अधिवेशन
(c) लाहौर अधिवेशन
(d) बम्बई अधिवेशन

**75.** शवाधान 'एच' किससे सम्बद्ध है ?
(a) प्रारम्भिक हड़प्पीय संस्कृति
(b) परिपक्व हड़प्पीय संस्कृति
(c) परवर्ती हड़प्पीय संस्कृति
(d) परिपक्व एवं परवर्ती हड़प्पीय संस्कृति

**76.** निम्न में से कौन वैदिक वांड्मय में सम्मिलित नहीं किया गया है ?
(a) संहिताएँ
(b) ब्राह्मण ग्रंथ
(c) उपनिषद
(d) स्मृतियाँ

**77.** प्राचीन भारत में विशालतम एकाश्मक मूर्ति कहाँ बनी ?
(a) श्रवणवेलगोल
(b) एलोरा
(c) वेणूर
(d) ग्वालियर

**78.** उपनिषद् दर्शन का प्रमुखत: सम्बन्ध है
(a) देववाद से
(b) ब्रह्मज्ञान से
(c) यज्ञवाद से
(d) भाग्यवाद से

**79.** निम्नलिखित भारतीय देवताओं में से किसे छ: मुखों वाला दिखाया गया है ?
(a) गणेश
(b) शिव
(c) ब्रह्मा
(d) कार्तिकेय

**80.** संगम थी
(a) धार्मिक संघ
(b) सामाजिक समूह
(c) साहित्यिक अकादमी
(d) इनमें से कोई भी नहीं

**81.** 'अन्त्यज' शब्द का प्रयोग होता था
(a) ब्राह्मणों के लिए
(b) क्षत्रियों के लिए
(c) वैश्यों के लिए
(d) उपरोक्त में से किसी के लिए नहीं

**82.** संगम साहित्य की रचना की गई थी
(a) तमिल में
(b) कन्नड़ में
(c) तेलुगू में
(d) मलयालम में

**83.** प्रथम धातु जिससे औजार बनाए गये क्या थी ?
(a) लोहा
(b) कांसा
(c) ताँबा
(d) टिन

**84.** आर्यों का भारत में प्रथम स्थायी निवास था
(a) सप्तसिन्धु
(b) सिंध
(c) अफगानिस्तान
(d) बलूचिस्तान

**85.** संगम वंश की स्थापना किसने की ?
(a) बुक्का I
(b) हरिहर I एवं बुक्का I
(c) देव राय I
(d) देव राय II

**86.** आहत (पंच मार्क) क्या है ?
(a) लिपि
(b) भाषा
(c) पुस्तक
(d) सिक्का

**87.** निम्नलिखित में से किसने जैन धर्म को राजकीय संरक्षण प्रदान नहीं किया ?

(a) सातवाहन (b) गंग
(c) चालुक्य (d) राष्ट्रकूट

**88.** चतुर्थ बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किसके शासन काल में हुआ था ?

(a) अशोक (b) शिशुपाल
(c) हर्षवर्द्धन (d) कनिष्क

**89.** जैन धर्म में प्रथम तीर्थंकर कौन था ?

(a) महावीर (b) ऋषभदेव
(c) पार्श्वनाथ (d) नेमीनाथ

**90.** स्यादवाद किससे सम्बन्धित है ?

(a) बौद्ध दर्शन (b) जैन दर्शन
(c) सांख्य दर्शन (d) न्याय दर्शन

**91.** निम्नलिखित में कौन जैन धर्म के पंचमहाव्रतों में सम्मिलित नहीं है ?

(a) सत्य (b) अहिंसा
(c) अपरिग्रह (d) त्याग

**92.** भारत का प्रारम्भिक व्याकरणशास्त्री कौन था ?

(a) पाणिनि (b) हेमचन्द्र
(c) पातंजलि (d) कौटिल्य

**93.** निम्न में से कौन सा पहलू कौटिल्य के अर्थशास्त्र में वर्णित <u>नहीं</u> है ?

(a) अकाल (b) कृषि की पद्धति
(c) मन्त्रियों के गुण (d) गुप्तचर व्यवस्था

**94.** ऋग्वैदिक देवमंडल में सबसे महत्त्वपूर्ण देवता कौन था ?

(a) वरुण (b) मित्र
(c) इन्द्र (d) अग्नि

**95.** बौद्ध साहित्य में पशुओं को कहा गया है

(a) मवेशी (b) सुखदा
(c) उपदा (d) जीवनदा

**96.** प्राचीन भारत में किस खेल को 'चतुरंग' के नाम से जाना जाता था ?

(a) कबड्डी (b) कुश्ती
(c) चौपड़ (d) शतरंज

**97.** वेसर शैली में निर्मित मंदिर पाए जाते हैं

(a) राजस्थान में (b) उत्तरी भारत में
(c) दक्षिणापथ में (d) उपरोक्त में से कहीं नहीं

**98.** निम्नलिखित में से किस शासक और उसकी उपलब्धियों के विषय में केवल अभिलेख से जानकारी मिलती है ?

(a) अशोक (b) चन्द्रगुप्त II
(c) खारवेल (d) हर्षवर्धन

**99.** किसने कहा था कि "इतिहास सभी विद्याओं की माता है" ?

(a) हेराडोटस (b) प्लेटो
(c) कार्लायल (d) टायनबी

**100.** न्यूटन के सिद्धान्त से बहुत पहले किसने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया था ?

(a) आर्यभट्ट (b) ब्रह्मगुप्त
(c) वराह मिहिर (d) पृथुयेशश

**101.** वलभी संवत् किससे अभिन्न है ?

(a) विक्रम संवत् (b) शक् संवत्
(c) चेदी संवत् (d) गुप्त संवत्

**102.** अजंता चित्रकला का संबंध है

(a) बौद्ध धर्म से (b) जैन धर्म से
(c) शैव धर्म से (d) शाक्त मत से

**103.** बंगाल का प्राचीन नाम था

(a) कामरूप (b) वत्स
(c) गौड़ (d) वल्लभी

**104.** सातवाहन सिक्के किससे निर्मित थे ?

(a) सीसा (b) ताँबा
(c) सीसा और ताँबा (d) स्वर्ण

**105.** निम्नलिखित में से कौन गुजरात में जल संसाधन व्यवस्था की पहल करने वाला प्रथम शासक था ?

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) अशोक
(c) रुद्रदामन (d) स्कन्दगुप्त

**106.** छठी शताब्दी ईसा पूर्व में महाजनपदों की संख्या क्या थी ?

(a) 18 (b) 16
(c) 14 (d) 12

**107.** सिकन्दर ने भारत पर किस वर्ष में आक्रमण किया ?

(a) 326 ई.पू. (b) 320 ई.पू.
(c) 300 ई.पू. (d) 350 ई.पू.

**108.** इनमें से किस स्रोत से भारत-रोम व्यापार का संकेत मिलता है ?

(a) मेगस्थनीज़ की इन्डिका (b) प्लिनी की नेचुरल हिस्ट्री
(c) ह्वेन सांग की सि-यू-की (d) इनमें से किसी से भी नहीं

**109.** कौन सा राजवंश अपने स्थानीय स्वशासन के लिए प्रसिद्ध था ?

(a) चालुक्य (b) चोल
(c) मौर्य (d) पाण्डय

**110.** चोलों की एक प्रशासनिक इकाई 'कुर्रम' थी । उससे अभिप्राय था

(a) एक ग्राम (b) एक तहसील
(c) एक जिला (d) ग्रामों का समूह

**111.** निम्नलिखित में से किस राजवंश की नाविक शक्ति सर्वाधिक थी ?

(a) मौर्य (b) गुप्त
(c) चोल (d) पल्लव

**112.** किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि रेशम बुनकरों की एक श्रेणी ने भव्य सूर्यमंदिर का निर्माण कराया था ?

(a) मंदसौर अभिलेख (b) उदयगिरि अभिलेख
(c) एरण अभिलेख (d) हाथीगुम्फा अभिलेख

**113.** 712-714 ई. के मध्य किसने ग्रीक फायर 'नेप्था तथा मजनिक' का प्रयोग किया था ?

(a) तुर्कों ने (b) अरबों ने
(c) अफगानों ने (d) सिंधियों ने

**114.** इनमें से कौन उपाश्रयी इतिहासकार है ?

(a) रोमिला थापर (b) के.के. दत्ता
(c) आर.सी. मजुमदार (d) रंजीत गुहा

**115.** भारत में मार्क्सवादी इतिहास लेखन का प्रवर्तक इनमें से किसे माना जा सकता है ?

(a) आर.सी. मजुमदार (b) डी.डी. कोसाम्बी
(c) एच.सी. राय चौधरी (d) आर.सी. दत्त

**116.** 'व्हाट इज़ हिस्ट्री' का लेखक कौन है ?

(a) मार्क ब्लाक (b) आर.सी. मजूमदार
(c) रोमिला थापर (d) ई.एच. कार

**117.** गुप्त स्वर्ण सिक्कों का सबसे बड़ा निधान है

(a) बस्ती निधान (b) बयाना निधान
(c) हाजीपुर निधान (d) हुगली निधान

**118.** भारत की प्राचीनतम लिपि कौन सी है ?

(a) देवनागरी (b) मगधी
(c) सूरसेनी (d) ब्राह्मी

**119.** गुप्तोत्तर काल में द्रोणवापा शब्द का आशय है

(a) भूस्वामी (b) शिल्पी
(c) भूमि की एक नाप (d) ग्राम सभा

**120.** हर्ष को 'परम्माहेश्वर' किस अभिलेख में कहा गया है ?

(a) बांसखेड़ा अभिलेख (b) दामोदर अभिलेख
(c) प्रयाग अभिलेख (d) इनमें से कोई भी नहीं